10-10 लाख रुपये दिए गये। इस तरह, कुल 16.88 करोड़ रुपये इस मद में वितरित किये गये। WCL के अस्पतालों में कोविड के मरीजों के लिए 264 बेड विशेष रूप से तैयार किये गये। इनमें से 127 बेड पूरी तरह ऑक्सीजन पाइप्ड हैं। बड़े पैमाने पर मास्क और सेनिटाइजर के वितरण से भी लोगों को सुविधा हुई।

मेडिकल विभाग स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण में अहम भूमिका निभा रहा है। उसी का सुखद नतीज़ा है कि पूरी कम्पनी के टीकाकरण केन्द्रों पर अब तक करीब 60 हज़ार लोगों को वैक्सीन लगवाई जा चुकी है। इसमें कम्पनी कर्मी, उनके परिवार जन, ठेकेदारी कामगार और अन्य नागरिक भी शामिल हैं। आपको यह बताते हुए मुझे ख़ुशी हो रही है कि कोविड-नियंत्रण के लिए आपके द्वारा की गयी उपाय-योजनाओं की सर्वत्र सराहना हो रही है।

साथ ही, मुझे आपको आगाह भी करना है कि कम्पनी में लगभग 37,700 कर्मी हैं।06 अगस्त, 2021 तक उनमें से सिर्फ 29,173 लोगों ने ही कोविड का टीका लगवाया है। हमारे जिन साथियों ने कोविड वैक्सीन अभी तक नहीं लगवाया है, वे स्वयं ज़रूर लगवा लें, अपने लोगों को भी लगवायें और दूसरों को इसके लिए प्रेरित करें। यह हमारी खुद और परिवार की सुरक्षा के लिए है। जरा सी लापरवाही भारी पछतावा का कारण बन सकती है। वैक्सीन नहीं लगवाने का जोखिम न उठायें। कोविड का टीका लगवा कर खुद सुरक्षित रहें और घर तथा अपने कार्य-स्थल पर सहकर्मियों एवं आस-पड़ोस को भी इससे निश्चिंत रहने दें। हम सभी पढ़े-लिखे और जानकार लोग हैं। हम और आप इस बीमारी की गम्भीरता और भयावहता से अच्छी तरह परिचित हैं। इसलिए, इसे हल्के में न लें। एक-दो जगहों से मिल रही लापरवाही की सूचना चिंताजनक है। अतः आपसे मेरी अपील है कि इसको लेकर किसी भी हाल में, अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने दें। हमारे लिए कर्मियों तथा उनके परिवारजन की सेफ़्टी और उनका अच्छा स्वास्थ्य सदैव हमारी प्राथमिकता है। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से प्रबंधन द्वारा टीकाकरण की उपलब्ध करवायी जा रही सुविधा का सभी लाभ लें।

हमारी टीम के एक-एक साथी से हमारा अनुरोध है कि WCL को उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए सदैव तत्पर रहें और अपना सर्वोत्तम देने की कोशिश करें। हमारी कम्पनी और उसके लोग हमेशा उत्कृष्ट स्थान के लिए जाने जाते हैं। आज हम यह संकल्प लें कि टीम भावना का उच्चतम प्रदर्शन करते हुए हम राष्ट्र की सेवा करेंगे। पूरी कंपनी के साथियों को उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन की मिसाल पेश करनी है, जिसके लिए यह मशहूर है। एक माला में पिरोये गये फूल की तरह है हमारी पहचान सब एक-दूसरे के साथ और सहयोगी। देश के विकास में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्र की ऊर्जा के स्रोत की उपलब्धता और Energy Security के प्रति कटिबद्ध हैं हम। इसलिए, अपने-अपने हिस्से की जिम्मेदारी हम सब को निभानी है। हमारे इस प्रयास में कोयला मंत्रालय, कोल इंडिया, हमारे श्रमिक संघों के नुमाइंदों का सहयोग लगातार मिल रहा है। उसके लिए कम्पनी की ओर से हम उनके प्रति दिल से आभार प्रकट करते हैं और आशा व्यक्त करते हैं कि भविष्य में भी हमें उन सबका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

एक बार पुनः आप सभी को स्वाधीनता दिवस की असंख्य बधाइयां। आप सभी के सपरिवार स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना के साथ,

जय हिन्द !

नागपुर

15 अगस्त, 2021

(मनोज कुमार)



# स्वाधीनता दिवस पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
## श्री मनोज कुमार

## का

# संदेश

## 15 अगस्त, 2021

## वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
## नागपुर



## स्वाधीनता दिवस के अवसर पर

## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का संदेश

साथी निदेशक गण, CVO WCL, संचालन समिति एवं कल्याण मंडल सदस्य, सभी विभागाध्यक्ष एवं Team WCL के सभी साथी, आदरणीय महिलाएं तथा प्यारे बच्चों !

सर्वप्रथम आप सभी को 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं !

मित्रों, आज का दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति आदर और सम्मान व्यक्त करने का भी है, जिनके त्याग और बलिदान की नींव पर हमारे देश की मजबूत इमारत वर्षों से खड़ी है। देश की आज़ादी के लिए दी गयी उनकी कुर्बानी की आज हम सिर्फ कल्पना भर कर सकते हैं। देखते-देखते आज़ादी का अमृत महोत्सव के आयोजन में हम कदम रख चुके हैं। इस बीच, गंगा में बहुत पानी बह चुका है। दुनिया के कई देश खुद को संभाल नहीं पाए, लेकिन भारतवर्ष अपनी समृद्ध और स्वस्थ परंपराओं का निर्वहन करते हुए, अपना मस्तक ऊंचा रख, अग्रणी देशों में शुमार है।

पूरे देश में आज जश्न का माहौल है। राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगा के साए में हर एक भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था में, खुली हवा में आज़ादी का जलसा मना रहा है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक आबाल-वृद्ध सभी स्वतंत्रता के इस समारोह में शरीक हैं।

हमारी होल्डिंग कम्पनी, महारत्न कोल इंडिया का स्वरूप दरअसल मिनी इंडिया का है। उसी तरह, उसकी अनुषंगी कम्पनी के रूप में WCL में भी विभिन्न प्रान्त, वेशभूषा और अलग-अलग रुचि के लोग कार्य करते हैं और पूरी कंपनी में हमें आपसी प्रेम, विश्वास और गंगा-जमनी तहज़ीब का अनोखा अहसास होता है।

केवल यही नहीं, राष्ट्र को रोशन रखने में भी हमारे साथी अपनी जिम्मेवारी बखूबी निभाते हैं। ऊर्जा का स्रोत कोयला - उत्पादन और प्रेषण में हमारी अहम भूमिका है । और, इस प्रसंग में Team WCL का जिक्र प्रमुखता से लाजमी है। तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आपने कोयला-उत्पादन और प्रेषण का सिलसिला बदस्तूर जारी रखा। चाहे एक्सप्लोसिव की कमी का मामला हो या कोविड-19 के संकट का। हमारे साथियों ने कभी हौसला नहीं छोड़ा। आपके इस जज़्बे को मैं सलाम करता हूं और हमारे कर्मियों के परिवार के सदस्यों का भी धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया। हमारे श्रमवीरों की सफ़लता के सफर का पहिया कभी नहीं थमा। इस दौरान हमारे कर्मवीरों की पूरी टीम ने कर्मठता की अद्भुत मिसाल पेश की और कम्पनी की कामयाबी का झंडा सदा की तरह ऊँचा रखा।

WCL ने कई सीमाओं/अड़चनों के बावजूद अधिकतम उत्पादन, प्रेषण एवं ओवरबर्डन रिमूवल का प्रयास किया। इस वित्तीय वर्ष के जुलाई माह तक आपकी कंपनी ने उत्पादन में 5.8%, प्रेषण में 64.5 % और ओवरबर्डन रिमूवल में 15.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है, जो हम सभी के लिए उत्साहजनक और शुभ संकेत है। प्रेषण में हमने अप्रैल से जुलाई माह तक 20.28 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया, जो इसी अवधि के दौरान अब तक का सर्वाधिक प्रेषण का आंकड़ा है।

उत्पादन बढ़ाने के लिए हमारी पूरी टीम दिन-रात लगी हुई है। इसे और गति देने के लिए पाथाखेड़ा क्षेत्र की तवा-2 खदान में Continuous Miner पैकेज के उपकरण/Equipment पहुंच रहे हैं। छतरपुर -1 और तवा-1 में भी Continuous Miner लगाने की तैयारी जोरों पर है। इसी तरह, FMC - First Mile Connectivity के आलोक में, उमरेड क्षेत्र की दिनेश ओपन कास्ट खदान में CHP का काम अवार्ड हो चुका है। नयी परियोजनाओं पर व्यवस्थित रूप से काम चल रहा है। पर्यावरण के मोर्चे पर भी हमें अपेक्षित सफ़लता मिल रही है। हमारे उन सभी प्रयासों में समयबद्ध तरीके से और तेजी लानी है। पिछले वर्ष हमने 1.6 लाख पौधारोपण किया था, इस साल 4.25 लाख पौधा लगाने की योजना है।

इस बीच, मैं आपका ध्यान दो मुद्दों की ओर विशेष रूप से दिलाना चाहूंगा। इस वर्ष MISSION SEHAT और MUDRA नामक मुहिम प्रारंभ की गयी है। ये दो ऐसे विषय हैं, जो सीधे तौर पर हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कम्पनी की बेहतरी से जुड़े हैं। MISSION SEHAT में Sainitation Improvement, Effluent Treatment Improvement, Hospital Upgradation, Ambulance Upgradation तथा Treatment Standard Improvement है। इन सभी विषयों पर, सभी क्षेत्रों में कार्य चिन्हित कर लिए गये हैं और कुछ जगहों पर कार्य अवार्ड भी कर दिए गये हैं। पर, इसमें हमें और शीघ्रता लाने की आवश्यकता है। MUDRA में Monetisation of Unused Land, Dumps and Residual Assets पर समयबद्ध तरीके से हमें काम करना है। इसके अंतर्गत हमने विभिन्न क्षेत्रों में Unused Land चिन्हित कर लिया है और उसके सदुपयोग पर कार्यवाही जारी है। ये दोनों मिशन कम्पनी और कर्मी के हित में है।

साथियों, पाथाखेड़ा, चंद्रपुर और नागपुर क्षेत्र को इस अवसर पर मैं विशेष बधाई देना चाहता हूं। पाथाखेड़ा क्षेत्र की तवा माइन एवं नागपुर क्षेत्र की भानेगांव ओसी को National Safety Awards (Mines) - 2020 के तहत विजेता तथा PKD की छतरपुर खदान नंबर - 2 और चंद्रपुर क्षेत्र की दुर्गापुर रय्यतवारी खदान को उपविजेता के ख़िताब से नवाज़ा गया है। इन पुरस्कारों ने WCL को गौरवान्वित होने का मौका दिया है। साथ ही, हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ा दी है। हमें सेफ़्टी को सदैव प्राथमिकता देनी है। हमारी हमेशा, हरसंभव यह कोशिश होनी चाहिये कि सेफ़्टी की कीमत पर हम कतई उत्पादन नहीं करेंगे। सेफ़्टी हमारी ज़रूरत नहीं, वह हमारी आदत में शामिल हो जाना चाहिये।

पिछले सप्ताह वेकोलि ने 75 भू-विस्थापितों को नौकरी दी। उन्हें प्रशिक्षण देकर भविष्य के दायित्व के लिए तैयार किया जायेगा। इसी तरह, मानव संसाधन विकास विभाग कोरोना महामारी के बावजूद लगातार ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रहा है। वर्चुअल कार्यक्रम अब न्यू नॉर्मल के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। HRD ने इस मोड का भरपूर उपयोग कर अच्छा काम किया है।

मेडिकल, कल्याण और CSR विभाग ने भी सराहनीय काम कर सब का दिल जीता है। कल्याण /CSR विभाग अपने रूटीन कार्य के अलावा आज़ादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम बहुत अच्छे से आयोजित कर रहा है। कोविड प्रोटोकॉल का ख्याल रखते हुए टीकाकरण जागरूकता के लिए बहुत मेहनत की है। नागपुर के GMCH, MAYO तथा AIIMS में और चंद्रपुर जिले में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के लिए CSR मद में कम्पनी की ओर से 15.38 करोड़ रूपये प्रदान किये गये। इसके अलावा कोविड की दूसरी लहर से निपटने की तैयारी के लिए बैतूल और छिंदवाड़ा जिला प्रशासन को 25-25 लाख रुपये प्रदान किये गये। साथ ही, कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कंपनी के सभी क्षेत्रों को